भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1280**

03 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

**विषय: किसानों की औसत मासिक आय**

**1280. श्री इमरान मसूदः**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के विभिन्न राज्यों में किसानों की औसत मासिक आय कितनी है;

(ख) वर्ष 2014 से ऋणग्रस्त कृषि परिवारों की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित कर रही है; और

(घ) कृषि आय में वृद्धि करने और इसे देश में एक लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए सरकार की भावी योजनाएं क्या हैं?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)**

**(क) और (ख):** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एम.ओ.एस.पी.आई.) के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एन.एस.एस.ओ.) ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि वर्ष जुलाई, 2018- जून, 2019 के संदर्भ में एन.एस.एस. के 77वें राउंड (जनवरी, 2019 - दिसंबर, 2019) के दौरान कृषि परिवारों का स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एस.ए.एस.) किया। एस.ए.एस. के परिणाम के अनुसार, वर्ष 2018-19 के दौरान प्रति कृषि में संलग्न परिवारों की राज्य-वार औसत मासिक आय **अनुबंध-I** पर दी गई है और इसी अवधि के दौरान प्रति कृषि परिवार बकाया ऋण राशि का राज्य-वार प्रतिशत **अनुबंध-II** पर दिया गया है।

**(ग) और (घ):** सरकार ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसानों की आय बढ़ाने तथा इसे लाभदायक व्यवसाय बनाने के लिए कई नीतियां, सुधार, विकास कार्यक्रम और योजनाएं अपनाई और कार्यान्वित की हैं। सरकार के निम्नलिखित प्रयासों को सुगम बनाने के लिए अभूतपूर्व बजटीय प्रावधान किए गए हैं:

1. पीएम किसान के माध्यम से किसानों को आय सहायता,
2. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पी.एम.एफ.बी.वाई.),
3. कृषि क्षेत्र के लिए संस्थागत ऋण,
4. उत्पादन लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) तय करना,
5. देश में जैविक खेती को बढ़ावा,
6. प्रति बूंद अधिक फसल,
7. सूक्ष्म सिंचाई निधि (माइक्रो इरिगेशन फंड),
8. किसान उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) को बढ़ावा देना,
9. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एन.बी.एच.एम.),
10. कृषि मशीनीकरण,
11. किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना,
12. राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (ई-नाम) विस्तार मंच की स्थापना,
13. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल पाम का शुभारंभ,
14. एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (ए.आ.ई.एफ.),
15. कृषि उपज लॉजिस्टिक्स में सुधार, किसान रेल की शुरूआत,
16. समेकित बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) - क्लस्टर विकास कार्यक्रम,
17. कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में स्टार्ट-अप ईकोसिस्टम विकसित करना,
18. कृषि और संबद्ध कृषि वस्तुओं के निर्यात में उपलब्धि,
19. केंद्रीय क्षेत्रक योजना नमो ड्रोन दीदी

**अनुबंध-I**

किसानों की औसत मासिक आय के संबंध में दिनांक **03/12/2024** को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **1280** के भाग (क) के उत्तर में विवरण।

कृषि वर्ष जुलाई 2018- जून 2019 के दौरान कृषि परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार औसत मासिक आय

| *क्र.सं.* | **राज्य/पूर्वोत्तर राज्यों का समूह/संघ राज्य क्षेत्रों का समूह** | *कुल आय (रुपये)* |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 10,480 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 19,225 |
| 3 | असम | 10,675 |
| 4 | बिहार | 7,542 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 9,677 |
| 6 | गुजरात | 12,631 |
| 7 | हरियाणा | 22,841 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 12,153 |
| 9 | जम्मू एवं कश्मीर | 18,918 |
| 10 | झारखंड | 4,895 |
| 11 | कर्नाटक | 13,441 |
| 12 | केरल | 17,915 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 8,339 |
| 14 | महाराष्ट्र | 11,492 |
| 15 | मणिपुर | 11,227 |
| 16 | मेघालय | 29,348 |
| 17 | मिजोरम | 17,964 |
| 18 | नागालैंड | 9,877 |
| 19 | ओडिशा | 5,112 |
| 20 | पंजाब | 26,701 |
| 21 | राजस्थान | 12,520 |
| 22 | सिक्किम | 12,447 |
| 23 | तमिलनाडु | 11,924 |
| 24 | तेलंगाना | 9,403 |
| 25 | त्रिपुरा | 9,918 |
| 26 | उत्तराखंड | 13,552 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 8,061 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 6,762 |
| | **पूर्वोत्तर राज्यों का समूह** | **16,863** |
| | **संघ राज्य क्षेत्रों का समूह** | **18,511** |
| | **अखिल भारतीय** | **10,218** |

स्रोत*: एन.एस.एस. रिपोर्ट संख्या 587*: ग्रामीण भारत में कृषि परिवारों और परिवारों की भूमि एवं पशुधन जोत की स्थिति का आकलन, 2019

**अनुबंध-II**

किसानों की औसत मासिक आय के संबंध में दिनांक **03/12/2024** को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **1280** के भाग (ख) के उत्तर में विवरण।

| **प्रति कृषि परिवार बकाया ऋण की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार औसत राशि (रुपये) तथा ऋणी कृषि परिवारों का प्रतिशत** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य/पूर्वोत्तर राज्यों का समूह/संघ राज्य क्षेत्रों का समूह** | प्रति कृषि परिवार बकाया ऋण की औसत राशि (रुपये) | ऋणी कृषि परिवारों का प्रतिशत |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2,45,554 | 93.2 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 3,581 | 12.5 |
| 3 | असम | 16,407 | 31.0 |
| 4 | बिहार | 23,534 | 39.7 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 21,443 | 31.2 |
| 6 | गुजरात | 56,568 | 42.5 |
| 7 | हरियाणा | 1,82,922 | 47.5 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 85,825 | 29.2 |
| 9 | जम्मू एवं कश्मीर | 30,435 | 31.9 |
| 10 | झारखंड | 8,415 | 25.3 |
| 11 | कर्नाटक | 1,26,240 | 67.6 |
| 12 | केरल | 2,42,482 | 69.9 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 74,420 | 48.4 |
| 14 | महाराष्ट्र | 82,085 | 54.0 |
| 15 | मणिपुर | 5,551 | 20.6 |
| 16 | मेघालय | 2,237 | 9.1 |
| 17 | मिजोरम | 23,485 | 8.0 |
| 18 | नागालैंड | 1,750 | 6.0 |
| 19 | ओडिशा | 32,721 | 61.2 |
| 20 | पंजाब | 2,03,249 | 54.4 |
| 21 | राजस्थान | 1,13,865 | 60.3 |
| 22 | सिक्किम | 32,185 | 10.6 |
| 23 | तमिलनाडु | 1,06,553 | 65.1 |
| 24 | तेलंगाना | 1,52,113 | 91.7 |
| 25 | त्रिपुरा | 23,944 | 47.7 |
| 26 | उत्तराखंड | 48,338 | 46.6 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 51,107 | 41.9 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 26,452 | 50.8 |
| | **पूर्वोत्तर राज्यों का समूह** | **10,034** | **19.2** |
| | **संघ राज्य क्षेत्रों का समूह** | **25,629** | **27.5** |
| | **अखिल भारतीय** | **74,121** | **50.2** |

स्रोत*: एन.एस.एस. रिपोर्ट संख्या 587*: ग्रामीण भारत में कृषि परिवारों और परिवारों की भूमि एवं पशुधन जोत की स्थिति का आकलन, 2019

*****